'मन की बात' का अध्ययन करेंगे छात्र

आईआईएम

- सभी 100 एपिसोड में संबंधित विषयों और मुद्दों पर विश्लेषण होगा
- पहला एपिसोड अक्तूबर 2014 में विजयादशमी पर प्रसारित हुआ था

रांची, प्रमुख संवाददाता। आईआईएम रांची मन की बात के सभी 100 एपिसोड में संबंधित विषयों और मुद्दों के विश्लेषण पर एक अध्ययन करेगा। शुक्रवार को आईआईएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक मुद्दों पर विचार और राय साझा करने के लिए मन की बात एक सराहनीय पहल है।

इसका पहला एपिसोड 3 अक्तूबर 2014 को विजयादशमी पर प्रसारित किया गया था। तब से देश के विभिन्न भाषाओं में हर महीने के आखिरी रविवार को यह प्रसारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मन की बात का उद्देश्य विभिन्न मुद्दों पर अपने विचारों और राय को साझा करने के साथ लोगों को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के जरिए सरकार लोगों से जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं और चिंताओं को समझने में सफल रही। कार्यक्रम में एकता, सद्भाव और समावेशी विकास पर जोर दिया जाता है। मन की बात की पहली कड़ी बुराई पर अच्छाई की जीत व महात्मा गांधी थीम के इर्द-गिर्द घूमती है, वहीं 99वीं कड़ी अंगदान, स्वच्छ ऊर्जा और एक भारत श्रेष्ठ भारत के इर्द-गिर्द घूमती है। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने में सफल रहा है।

बताया कि आईआईएम रांची के अध्ययन में विभिन्न मुद्दों को समझने के लिए प्रमुख विषयों को समझने का प्रयास किया जाएगा।

Hindustan_29.04.2023_Pg.08